
हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 6 सितंबर 2024

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

13 भाजपा जिलाध्यक्ष पवन ने सांसद भोजराज को दिलाई पार्टी...



14 शिक्षक दिवस पर किया गया गुरुजनों का सम्मान





## खबर संक्षेप

### तहसील पेंशनर समाज की बैठक अब 14 को

**बालोद।** तहसील पेंशनर समाज अर्जुंदा की बैठक प्रत्येक माह के प्रथम शनिवार को होना निश्चित था। सचिव सीएल देवांगन ने बताया कि लेकिन 7 सितंबर को गणेश चतुर्थी होने के कारण उस तिथि की बैठक स्थगित कर दी गई है। यह बैठक अब 14 सितंबर को निर्धारित समय एवं स्थल पर ही रखी जाएगी। इस बैठक में जिला स्तरीय बैठक में हुई चर्चा की जानकारी के साथ सदस्यता की जानकारी दी जाएगी।

### सीबीआई अफसर बनकर की एक करोड़ की ठगी

**भिलाई।** सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी से सीबीआई का अफसर बनकर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 318(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेवानिवृत्त कर्मी सेक्टर 10 सड़क 23 क्वार्टर नंबर 15 ए निवासी सुखचैन सिंह भुई से ठग ने बैंक में घोटाले की जांच का हवाला देकर बैंक खाते का डिटेल लेकर 1 करोड़ रुपए के रकम को ठगी अपने पास खाते में ट्रांसफर करा ली। पीड़ित का पुत्र अमेरिका मे प्राईवेट कंपनी मे जॉब करता है। सुखचैन सिंह भुई सेवानिवृत्त कर्मी अपनी पत्नी के साथ सेक्टर 10 में रहते है। सुखचैन सिंह भुई के मोबाइल पर 24 मई की रात अज्ञात ने वाट्सएप कॉलिंग किया था। अज्ञात ने सुखदेव को झांसे में लेते हुए बैंक खाते से अपराधिक काम होने का हवाला दिया। इस दौरान अज्ञात ने सुखचैन के बैंक खाते को चेक करने की बात कही थी।

### तैयारी : शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में भी जगह-जगह तैयार हुए पंडाल

# गणेश चतुर्थी कल, तैयारी पूरी, घरों के साथ ही पंडालों में विराजेंगे विघ्नहर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कल गणेश चतुर्थी है। भगवान गणेश पंडालों के साथ ही घरों में भी विराजमान होंगे। उसके बाद आगामी ग्यारह दिनों तक लोग भगवान गणेश की भक्ति में डूबे नजर आएंगे। जिला मुख्यालय से लेकर ब्लॉक मुख्यालयों व गावों तक भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित करने की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है।

■ बाजार में छोटी-बड़ी मूर्तियों की दुकानें सजी

शहर में विभिन्न जगहों पर आकर्षक पंडाल तैयार किए गए हैं, जहां भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित की जाएगी। शहर में 20 से अधिक सार्वजनिक जगहों पर समितियों द्वारा पंडाल सजाकर भगवान गणेश की प्रतिमाओं का स्थापना की जाएगी। इधर गणेश चतुर्थी सहित आने वाले ग्यारह दिनों तक के कार्यक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन ने औपचारिक रूप से शांति समिति की बैठक ली। बालोद थाना प्रभारी रविशंकर पाण्डेय ने भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित करने वाले समितियों से चर्चा कर गणेश उत्सव को शांति पूर्ण एवं पुलिस विभाग व राजस्व विभाग को गणेश उत्सव में ड्यूटी के दौरान लोगों का सहयोगात्मक व्यवहार बनाने की बात कही। साथ ही शहर एवं ग्रामों में असामाजिक तत्वों को चिन्हांकित कर उचित कार्रवाई करने की बात भी थाना प्रभारी ने कही।



### भगवान गणेश की छोटी बड़ी कई खूबसूरत प्रतिमाएं बाजार में

जिला मुख्यालय के बुधवारी बाजार और अन्य चौराहों पर भगवान गणेश की कई आकर्षक छोटी बड़ी प्रतिमाओं की बिक्री बाजार में खूब हो रही है। 100 रुपए से लेकर 10 हजार रुपए से भी अधिक की प्रतिमाएं बाजार में बिक रही हैं। वहीं, सार्वजनिक स्थलों में पंडाल में स्थापित होने वाली विशालकाय प्रतिमाओं को दूसरे जिलों से भी खरीदकर लाया जा रहा है।

### डौंडी थाना क्षेत्र ग्राम घोटिया की घटना

# शिक्षक ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

डोंडी थाना क्षेत्र घोटिया निवासी सरकारी स्कूल के हेड मास्टर देवेंद्र ठाकुर ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

पूरा मामला आदिवासी विकासखंड डौंडी थाना क्षेत्र ग्राम घोटिया का है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम ओडगांव प्राथमिक शाला में पदस्थ हेडमास्टर देवेंद्र कुमार ठाकुर (57 वर्षीय) ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के दौरान शिक्षा विभाग में कार्यरत उनकी पत्नी ड्यूटी पर गई हुईं थीं। वहीं उनके बच्चे स्कूल गए हुए थे, जो छुट्टी होने के बाद जब घर लौटे तो उनके पिता का शव फांसी के फंदा पर लटका हुआ मिला।

घटना की जानकारी डौंडी थाना पुलिस को दी गई इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच शव का पंचनामा करवाई में जुटी। पुलिस को मृतक के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ, जिसमें चार लोगों के नाम का उल्लेख है। साथ ही एक व्यक्ति से नौकरी के नाम पर ठगे गए पैसे अब तुम वापस दिलाओगे लिखा होने की बात कही गई है।

डौंडी थाना प्रभारी मुकेश सिंह ने बताया कि सुसाइड नोट में मृतक द्वारा 2022 में अपने रिश्तेदारों से नौकरी लगाने के नाम पर पैसा लेकर अन्य व्यक्ति को दिए जाने की बात लिखी गई है, जिसकी राइटिंग की जांच के लिए भेजी जा रही है।

सुसाइड नोट में लिखी गई बातों पर गौर करें तो नौकरी लगाने के नाम पर की जा रही धोखाधड़ी के एक बड़े रैकेट का खुलासा हो सकता है। घोटियावासियों ने बताया क देवेंद्र ठाकुर बहुत ही सरल व अच्छे व्यवहार वाले शिक्षक थे।



■ प्राथमिक शाला ओडगांव में पदस्थ थे हेडमास्टर देवेंद्र कुमार



गुरुवार सुबह से चिलचिलाती धूप और उमसभरी गर्मी ने किया परेशान

# देर रात झमाझम बारिश, जिला मुख्यालय सहित अंचल में घंटेभर बंद रही बिजली

**बालोद।** बुधवार की देर रात करीब 9 बजे से जिले में झमाझम बारिश हुई। बारिश होने से जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों में घंटे भर तक बिजली बंद रही। यह जो तस्वीर है वह ग्राम कुरदी की है। बुधवार को गरज-चमक के साथ हई बारिश के बीच एक ग्रामीण ने यह तस्वीर ली। इसमें हाल ही में लोकार्पण किए गए खंभे पर 111 फिट की ऊंचाई पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा लहरा रहा है। वहीं आसमान से गरज-चमक के साथ बिजली कड़ते हुए यह तस्वीर लिया गया है। बीते कुछ दिनों से हो रही रुक-रुककर बारिश ने लोगों को राहत पहुंचाने के बजाए उनकी मुश्किलें बढ़ा दी है।

दरअसल बारिश के बाद उमस भरी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है और न ही चिलचिलाती धूप से छुटकारा मिल रहा है, बल्कि बारिश के बाद उमस भरी गर्मी और ज्यादा तेज हो गई। वहीं, बुधवार की रात झमाझम बारिश के बाद अगले दिन गुरुवार को सुबह से दोपहर तक तेज धूप का सामना करना पड़ा। वहीं दोपहर के बाद शाम रात तक उमस भरी गर्मी ने भी लोगों को हलाकन किया। मौसम में हो रहे लगातार उतार चढ़ाव से लोगों के स्वास्थ्य में काफी असर पड़ रहा है। सर्दी खांसी, बुखार, सिर दर्द, बदन दर्द जैसे अन्य मौसमी बीमारियों की शिकायत लेकर लोग अस्पतालों के चक्कर काट रहे हैं।

### पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100



## खबर संक्षेप



### अग्रसेन धाम में मां बेरीवाली का मंगलपाठ 17 अक्टूर को

**रायपुर।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर जीई रोड स्थित छोकरा नाला के पास अग्रसेन धाम में 17 अक्टूबर को मां बेरीवाली का मंगलपाठ और पूरे छत्तीसगढ़ के मां बेरीवाली परिवार को जोड़ने का निर्णय लिया गया। यह निर्णय सालासर मंदिर प्रांगण में विगत दिनों मां बेरीवाली परिवार छत्तीसगढ़ की पहली बैठक में लिया गया। बैठक में उपसस्थित लोगों ने सर्वम्मति से अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद अग्रवाल को, उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महासचिव योगेश बेरीवाल एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए विनोद अग्रवाल को चुना गया। ईश्वर प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि इस बैठक में नंदकिशोर अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, माधव अग्रवाल, शिव गोयल आदि शामिल हुए।

### प्रतिनियुक्ति से लौटे रजत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस रजत कुमार ने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटने के बाद बुधवार को मंत्रालय पहुंच कर अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी है। उनकी ज्वाइंनिंग के बाद अब सचिव स्तर के दो अधिकारी राज्य की सेवा में लौट चुके हैं। प्रतिनियुक्ति के दौरान रजत कुमार ने डीओपीटी और जनगणना निदेशालय में कार्य किया। इसके पूर्व अमित कटारिया ने मंगलवार को ज्वाइंनिंग दी थी।

### सिन्हा समाज सामाजिक एकजुटता के लिए काम कर रहा: रिकेश

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ डड़सेना (सिन्हा) कलार समाज के जन कल्याण समिति ने रविवार को कोहका स्थित भवन में तीज मिलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथि वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन, विशिष्ट अतिथि पंडवानी गायिका उषा बारले और रिसाली नगर निगम की महापौर शशि अशोक सिन्हा थीं। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रिखीराम सिन्हा ने की। मुख्य अतिथि सेन ने कहा कि सिन्हा समाज जागरूक समाज है। एकजुटता के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। सामाजिक कार्यक्रमों परिवार व समाज से जोड़ने का काम कर रहे हैं। उन्होंने विधायक निधि से सामाजिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की। आने वाले 5 साल तक 10-10 लाख रुपए देने की बात कही। राष्ट्रपति से पुरस्कृत डोमेन्द्र सिन्हा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सदस्यों ने सामाजिक प्रस्तुति दी।पूजा गजेन्द्र ने तीज क्वीन का खिताब मिला । जज में चयनित हीरा सिन्हा, पीएससी से सहायक अभियंता (जल संसाधन विभाग) के पद पर चयनित सुष्मिता सिन्हा को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट योगदान के लिए लक्ष्मी जायसवाल को दमयंतीन सिन्हा स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया ।

### होटल संचालक से निगम आयुक्त ने उठवाया कचरा

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा स्वास्थ्य अमले के साथ शहर साफ. सफाई व्यवस्था देखने स्टेशन रोड, राजेन्द्र पार्क चौक के अलावा मालवीय नगर पर निकले। निरीक्षण के दौरान खालसा पब्लिक स्कूल के पास स्थित होटल संचालक द्वारा सड़क के किनारे कचरा डाल दिया गया था। उस होटल संचालक को बुलाकर उससे कचरा उठवाया। आयुक्त के आदेश पर 500 रुपये का अर्थदंड किया गया और चेतावनी देते हुए दोबारा सड़क पर कचरा न फेंकने की बात कही। शहर क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने पाया कि कई दुकानदारों द्वारा दुकान से निकलने वाला कचरा बाहर फेंका जाता है, जिस पर निगम आयुक्त ने अधिकारियों को नजर रखने के साथ साथ जुर्माना करने के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त ने मौजूद अधिकारी को साफ-सफाई व्यवस्था को सुधारकर और बेहतर ढंग से करने के निर्देश दिए। होटल व दुकान से निकलने वाले अपशिष्ट प्रबंधन एवं गीले-सूखे कचरे को नगर निगम के वाहनों में दिया जाए। अन्यथा प्रावधानों के तहत नियमानुसार जुर्माना वसूला जाएगा। निरीक्षण के मौके पर उद्यान प्रभारी अनिल सिंह, पीआईयू कुणाल, परम कुमार सहित अमला मौजूद रहे।

# नितिन नबीन का आना टला, निगम मंडल आयोग की प्रतीक्षा और बढ़ी, कुछ पदों की हो सकती है घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में निगम, मंडल, प्राधिकरण और आयोग की सूची जारी होने की उम्मीद लगाए भाजपा नेताओं का इंतजार कुछ दिनों के लिए आगे बढ़ गया है। दरअसल माना जा रहा था कि भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन के राज्य के दौरे पर आने के बाद सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा और सूची जारी हो जाएगी, लेकिन श्री नबीन का प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम टल गया है। छत्तीसगढ़ में भाजपा नेतृत्व वाली विष्णुदेव साय सरकार के गठन के कुछ महीनों बाद से राज्य में निगम, मंडल, आयोग, प्राधिकरणों में नियुक्ति की चर्चाएं हो रही हैं। हाल के दिनों में इस चर्चा ने जोर पकड़ा था। दरअसल सोशल मीडिया के अलग-अलग हिस्सों में निगम मंडल की सूचियां वायरल हो रही थीं। हालांकि इन सूचियों को लेकर कोई गंभीरता नजर नहीं आ रही थी, लेकिन फिर भी नियुक्तियों की अटकलें तेज हो गई थीं।

## कुछ पदों पर हो सकती है नियुक्तियां

इधर भाजपा की राजनीति के जानकार सूत्रों की मानें, तो निगम, मंडल में नियुक्तियों को लेकर उच्च स्तर पर बातचीत हो रही है। ऐसी संभावना है कि कुछ महत्वपूर्ण स्थानों पर नियुक्तियां की जा सकती हैं। इधर दूसरी ओर भाजपा में लालबत्ती यानी निगम मंडल के दावेदारों के बीच बेचैनी बढ़ रही है। दरअसल राज्य में हुए लोकसभा चुनाव में पार्टी को विधानसभा चुनाव से अधिक बड़ी सफलता मिली है। इसकी वजह से पार्टी के विभिन्न स्तरों पर कार्यकर्ताओं और नेताओं में उत्साह है। दूसरी बात ये है कि पार्टी की ओर से संकेत मिले थे कि लोकसभा चुनाव में जिस विधानसभा सीट से लीड मिलेगी वहां के कार्यकर्ताओं- नेताओं को इसका पुरस्कार मिलेगा। इसी आधार पर उम्मीदें बढ़ी हैं।



### प्रदेश प्रभारी का दौरा टला

हाल के दिनों में भाजपा में इस बात की चर्चा तेज हो रही थी कि प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन के यहां आने के बाद निगम, मंडल की सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके बाद प्रस्तावित सूची को हाईकमान से मंजूरी मिलने के बाद सूची जारी कर दी जाएगी, लेकिन इन अटकलों पर उस समय विराम लग गया जब प्रदेश प्रभारी का रायपुर प्रवास टल गया। बताया गया है कि प्रदेश भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू होने के अवसर पर वे आएंगे, लेकिन उनका आना टल गया। अब बताया जा रहा है कि बिहार में व्यस्तता होने के कारण वे नहीं आ पाए हैं।

### शामिल होंगे बड़ी संख्या में राज्यभर के अधिकारी

# 12-13 को मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में कलेक्टर-एसपी कांफ्रेंस, जारी हुआ एजेंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 12 और 13 सितंबर को राज्य के कलेक्टर एसपी की कांफ्रेंस रखी गई है। इस बैठक में राज्य के सभी संभागायुक्त, सभी पुलिस महानिरीक्षक, सभी कलेक्टर-एसपी, सभी जिला पंचायतों के सीईओ, सभी नगर पालिका निगम और परिषद के सीईओ शामिल होंगे।

राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने इस कांफ्रेंस के लिए सभी संबंधित विभागों के लिए एजेंडा जारी कर दिया है। एजेंडा के बिंदुओं पर प्रेजेंटेशन संबंधित प्रशासकीय विभाग प्रमुख करेंगे। यह कांफ्रेंस रायपुर के सर्किट हाउस ऑडिटोरियम में होगी।

### अपराध संबंधी मामलों पर होगी गहरी मंत्रणा

यह कांफ्रेस दो हिस्सों में होगी। एक में राज्य में पुलिस की गतिविधियों और अपराध की घटनाओं, और उस पर नियंत्रण से संबंधित कई बिंदु शामिल है। इनमें अपराध - परिदृश्य, शरीर संबंधी अपराध, संपत्ति संबंधी अपराध, अर्जित सफलताएं, संगठित अपराध (कितने गैंग्स के विरूद्ध कार्यवाही हुई) महिलाओं- बच्चों के विरूद्ध अपराध एवं रोकथाम के प्रयास, मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु कार्यवाही पर चर्चा एवं प्रजेंटेशन होगा। इसी तरह ड्रग्स डिस्पोसल, ड्रग नेटवर्क के विरूद्ध कार्यवाही, नारकोटिक्स प्रकरणों में वित्तीय जाँच एवं विभिन्न एक्ट के संबंध में चर्चा होगी। पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक में मानव तस्करी व गुम बच्चों के मामलों में की गई कार्यवाही, चिटफंड कंपनियों के विरूद्ध कार्यवाही, अनुसूचित जाति व जनजाति के विरुद्ध अपराध व राहत राशि, लघु अधिनियम, प्रतिबन्धात्मक कार्यवाही, गुंडे बदमाशों के विरूद्ध की गई कार्यवाही (पिछले 9 माह में खोले गए गुंडा फाइल की जानकारी) एनएसए और जिला बदर पर कार्यवाही की जानकारी, नये कानूनों के क्रियान्वयन की स्थिति, साइबर अपराध व उपलब्धियों के बारे में जानकारी ली जाएगी।







### कानून व्यवस्था और नक्सल पर भी बात

एजेंडा के मुताबिक पुलिस अधिकारियों के साथ कांफ्रेंस के दौरान ये बिंदु भी चर्चा में शामिल होंगे। डायल 112 के क्रियान्वय की स्थिति, इकाईयों हेतु प्रशासकीय भवन आवास की स्थिति एवं आवश्यकता, इकाईयों हेतु सुरक्षा संबंधी उपकरण,वाहन,अन्य उपकरणों की स्थिति व आवश्यकता, रिक्त पदों/भर्ती, पदोन्नति की स्थिति, पुलिस कल्याण गतिविधियां, नक्सल परिदृश्य, कानून व्यवस्था की स्थिति, कार्यक्रमों हेतु अनुमति त्योहार एवं कार्यक्रम प्रबंधन (समन्वय- सावधानियों) के संबंध में चर्चा, ट्रैफिक मैनेजमेंट (रोड ऐक्सिडेंट की संख्या, रोकने के उपाय, नया प्रयोग यदि कुछ किया गया) पर बात होगी।

### कलेक्टरों से चर्चा पर इन बिंदुओं पर होगा फोकस

एजेडा के मुताबिक कलेक्टर कांफ्रेस में चर्चा और प्रजेंटेशन के लिए कई बिंदुओं के आधार पर एजेंडा तय किया गया है। इनमें कुछ प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैं। राजस्व मामले की निगरानी, नामांतरण , बंटवारा, सीमांकन, रिकॉर्ड सुधार, अन्य राजस्व मामले। डिजिटल फसल सर्वेक्षण सहित फसल सर्वेक्षण, जियो रेफरेंस भू-नक्शा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वच्छ भारत मिशन, (एसबीएम) नेशन रूरल लाईवलीहुड मिशन (एनआरएलएम) अमृत सरोवर योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम जन आयुष केंद्र, आयुष्मान भारतः स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र, राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन, चिरायु योजना, मोतियाबिंद योजना, एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र) प्रगति, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस योजना, एनएचएम में निधि उपयोग और रिक्ति की स्थिति, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम सहित अन्य बिंदु शामिल हैं।

# जिला स्तरीय भाजपा सदस्यता अभियान की शुरुआत, रायपुर को दो लाख का लक्ष्य




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के संगठन महापर्व जिला स्तरीय सदस्यता अभियान की शुरुवात हो चुकी है। रायपुर शहर जिला का सदस्यता अभियान शहीद स्मारक भवन में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, पूर्व सांसद सुनील सोनी, प्रदेश महामंत्री संजय तीनों विधानसभाओं के विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू और पुरंदर मिश्रा की उपस्थिति में हुआ। रायपुर के वरिष्ठ नेताओं सहित सभी 16 मण्डल अध्यक्ष व बूथ अध्यक्षों को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई।

सदस्यता अभियान की मुख्य अतिथि ने कार्यकर्ताओं से कहा, एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे, इस सिद्धांत को लेकर भारतीय जनसंघ की नींव रखी गई थी। जनसंघ के इन्हीं आदर्शों पर चलते हुए, राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ भाजपा की शुरुआत हुई। आज, उसी समर्पण और सिद्धांत के साथ भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है, जो राष्ट्रहित के लिए प्रतिबद्ध है भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल अपने किए वादों को पूरा करने के पश्चात अर्जित किए गए विश्वास से बना है कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से बना है राजधानी रायपुर के कार्यकर्ता लगातार पार्टी कार्यक्रमों की सफलता हेतु परिश्रम करते हैं और मेरा विश्वास है की रायपुर को मिले 2 लाख से अधिक सदस्यता के लक्ष्य को सफलता पूर्वक अर्जित कर नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे ।

### हमने विचारधारा से समझौता नहीं किया : संजय

*कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश महामंत्री भाजपा संजय श्रीवास्तव ने कहा, हम भाजपा की सदस्यता देश और प्रदेश को मजबूत करने के लिए ले रहे हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष जयंती पटेल ने कहा, प्रदेश नेतृत्व ने इस वर्ष हमे 2 लाख सदस्यों का लक्ष्य दिया है और मैं इस सभागार में उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बल पर यह बात पुरे यकीन के साथ कह सकता हूं की हम उस लक्ष्य से कहीं ज्यादा भाजपा सदस्य इस बार बना कर नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे।*

# छात्रों को नशामुक्ति और यातायात की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई एवं रायपुर पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को वीर शिवाजी स्कूल में जिंदगी न मिलेगी दोबारा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में तीन विषय पर बच्चों को विस्तार से बताया जिसमें नशा मुक्ति, ट्रैफिक नियम और हेल्थ है। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा, जिंदगी न मिलेगी दोबारा पर मिस जीनियस एवं मिस्टर जीनियस का अवार्ड दिया गया, साथ में बहुत से रोचक प्रश्न पूछे गए, जिसमे बेस्ट नॉलेज का मेडल दिया गया। मुख्य अतिथि बीजेपी प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कहा, बच्चों को अनुशासन एवं बोली पर विशेष ध्यान देना चाहिए। साथ में हर बच्चा अपने मां बाप का कहना माने और बुरी आदत से दूर रहे।

मोटिवेशनल स्पीकर संगीता मोगरे ने कहा, आज के युग में बच्चे सोशल मीडिया की इतनी लत लग गई उससे उसको दूर होने की जरूरत है। ट्रैफिक पुलिस से टीके भोई ने कहा, लाल, पीली, हरी लाइट एवं ट्रैफिक के नियम की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में हेल्थ एक्सपर्ट डॉ कस्तुरी डागा, स्कूल के डायरेक्टर मुकेश शाह, अमर गिदवानी, डॉ एनडी गजवानी, महेश खिलनानी, मुकेश शाह, अनिल ज्योत्सिंघानी आदि उपस्थित थे।

### विधायक देवेन्द्र के परिवार से मिले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश

**भिलाई।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बुधवार भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव के निवास पहुंचे। जहां वे विधायक देवेंद्र यादव की मां से मिले। उनका हालाचाल जाना। उनके स्वास्थ्य की खैरियत ली। परिवार के सदस्यों से चर्चा की और सभी को हिम्मत दिया। सभी से कहा कि आप सभी लोग अपना ख्याल रखिए। मां से कहा कि अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। समय पर भोजन और दवाइएं ले। परिजनों और विधायक देवेंद्र यादव के बड़े भाई धर्मेंद्र यादव से भी कहा कि वे माता जी का ख्याल रहे। पूर्व सीएम श्री बघेल जी ने आगे पूरे परिवार को विश्वास जताते हुए कहा कि उनके रहते हुए उन्हें किसी भी तरह की चिंता करने की जरूरत नहीं है। पूरा कांग्रेस परिवार, प्रदेश की पूरी जनता युवा नेता देवेंद्र यादव के साथ है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि युवा नेता विधायक छत्तीसगढ़ महतारी का साहसी बेटा है। जो भोलेभाले, मासूम, निर्दोष प्रदेशवासियों के हक की लड़ाई लड़ रहा है। इसलिए भाजपा की सरकार उससे बदला लेने के लिए यह सब प्रपंच कर रही है। लेकिन सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजीत नहीं हो सकता है।

# अपडेट नहीं हुए कैमरे, गार्डों की संख्या नहीं बढ़ी, सशस्त्र बल के लिए अब प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश के 13 दिन बीतने के बाद भी दो बड़े सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था में बदलाव नजर नहीं आ रहा है।

आंबेडकर अस्पताल में लगे कैमरे अपडेट नहीं हुए हैं, वहीं सुरक्षा गार्डों की संख्या जस की तस है। डीके अस्पताल द्वारा हथियार बंद पुलिस जवानों की व्यवस्था के लिए अब पुलिस अधीक्षक को प्रस्ताव भेजा जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने पिछले दिनों आंबेडकर और डीके अस्पताल में चिकित्सकीय और मरीज तथा उनके परिजनों की सुरक्षा के मद्देनजर व्यवस्था को अपडेट करने के निर्देश जारी किए थे। इसके तहत अस्पतालों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों को अपडेट करने और उनकी संख्या बढ़ाने के निर्देश थे। साथ ही व्यवस्था बनाने के लिए तैनात किए गए सुरक्षा गार्डों की संख्या बढ़ाने और उनकी मौजूदगी अस्पताल के सभी क्षेत्रों में दिखाने के साथ ही वहां की पुलिस चौकी में सशस्त्र जवानों की तैनाती के लिए व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए थे। आदेश को तेरह दिन बीत चुके हैं, मगर अब तक दोनों अस्पतालों की सुरक्षा में किसी तरह का सुधार होता नहीं दिख रहा है। अस्पतालों में लगे कैमरे जस के तस हैं और सुरक्षा गार्ड भी पुराने ढर्रे की ड्यूटी कर रहे हैं। आंबेडकर अस्पताल में सशस्त्र बल के 12 जवान तैनात करने के लिए पुलिस अधीक्षक को प्रस्ताव भेजा जा चुका और डीके अस्पताल प्रबंधन इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर रहा है।



### कड़ी जांच के निर्देश

अस्पताल में आने वाले आंगुतको की कड़ी जांच करने के निर्देश सुरक्षा गार्डों को दिया गया है। सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी की जा रही। सशस्त्र जवानों के लिए पत्र भेजा जाएगा।

\- डॉ. हेमंत शर्मा, उप अधीक्षक, डीके अस्पताल

### सुधार कर रहे

अस्पताल में सुरक्षा गार्डों की संख्या बढ़ाने के साथ सीसीटीवी अपडेट की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाएगी। सशस्त्र जवानों की तैनाती के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजा गया है।

\- **डॉ. एसबीएस नेताम,** चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल

### डीके में 27 जवान तैनात

डीके अस्पताल में कुल 82 सुरक्षा जवानों की तैनाती है। इनमें एक शिफ्ट में 27 सुरक्षा जवान ड्यूटी करते हैं। प्रत्येक फ्लोर पर चार जवानों के साथ मुख्य और पिछले द्वार पार्किंग में भी इनकी तैनाती की गई है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा सशस्त्र जवानों की तैनाती के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजने की तैयारी की जा रही है। यहां लगाए गए करीब दो दर्जन सीसीटीवी कैमरे हैं जो एक्टिव हैं। अस्पताल आने वाले अटेंडरों से प्रवेश पास को लेकर भी यहां सख्ती बरती जा रही है।

### रास्ता संवेदनशील कई गलियारे वीरान

अस्पताल भवन में ड्यूटी करने के बाद गर्ल्स हास्टल तक आवाजाही के लिए उपयोग किया जाने वाला रास्ता अभी भी जोखिम भरा है। यहां लाइट की व्यवस्था नहीं होने की वजह से इलाका संवेदनशील है। आवाजाही के लिए मरचुरी के पिछले हिस्से के रास्ते का उपयोग किया जाता है, जहां भी सुरक्षा के कोई खास इंतजाम नहीं हैं। अस्पताल के विभिन्न हिस्सों में करीब 65 कैमरे लगे हैं, मगर करीब तीस कैमरों को सुधार की आवश्यकता है। दोपहर बाद अस्पताल के गलियारे वीरान रहते हैं।

### छत्तीसगढ़ में सहकारी समितियों का मजबूत नेटवर्क बनेगा

# हर पंचायत में होंगी सहकारी समितियां पेक्स को मल्टीपेक्स के रूप में विकसित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में सहकारिता आंदोलन को मजबूत बनाने की ठोस रणनीति तैयार की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में सहकारी समितियों का नेटवर्क बनाया जाएगा। हर पंचायत में होंगी सहकारी समितियां, पेक्स को मल्टीपेक्स के रूप में विकसित किया जाएगा। सहकारिता विभाग के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना एवं कुलदीप शर्मा, आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़, ने 'सहकार से समृद्धि' पर बनाई गई कार्ययोजना की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पंचायतवार, पेक्स, मत्स्य समिति और दुग्ध समितियों की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही क्रियाशील और अक्रियाशील समितियों के चिन्हांकन कर सक्रिय करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा, ऐसे ग्राम पंचायत जहां एक भी समिति नहीं है, वहां नवीन समितियों का गठन किया जाए। उन्होंने कहा, आगामी छह-छह माह का लक्ष्य बनाकर पेक्स को मबजूत करने तथा मल्टी एक्टिविटी की सुविधाएं बढ़ाने के दिशा में काम किया जाए। उन्होंने कहा, पेक्स को मल्टी परपस पेक्स के रूप में विकसित करने से लोगों के लिए घर के द्वार पर ही अनेक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।



### पुराने कार्यों का कराएं आडिट

आगामी खरीफ फसल की खरीदी का समय नजदीक आ रहा है। अतः सभी समितियों के पुराने कार्यों का ऑडिट अनिवार्य रूप से कर ली जाए। वर्तमान में 2058 सहकारी समितियों और 2739 धान उपार्जन केन्द्र हैं। ऐसे ग्राम पंचायत अथवा ऐसे स्थान जहां दूरी अधिक है, वहां नवीन समितियों का गठन किया जाए। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड एवं रूपे क्रेडिट कार्ड की प्रगति की समीक्षा की और राज्य के ज्यादा से ज्यादा प्रदेश के किसानों इस योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नेशनल कोऑपरेटिव डेटाबेस की समीक्षा करते हुए सभी समितियों के डेटाबेस को अपडेट करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# उपभोक्ता सहकारी भंडार की 40वीं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- दिगंबर जैन भवन में कार्यक्रम का किया आयोजन

जिला थोक उपभोक्ता सहकारी भंडार के 40 वां वार्षिक साधारण सभा दिगम्बर जैन भवन में अध्यक्ष पूर्व पार्षद विनोद ताम्रकार की अध्यक्षता व ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, शहर विधायक गजेन्द्र यादव, प्रीतपाल बेलचंदन, प्रेस क्लब अध्यक्ष अरूण मिश्रा, जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा के अतिथ्य में संपन्न हुआ। सभा में प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी एनके वर्मा द्वारा संस्था के गतिविधि व आय व्यय की जानकारी उपस्थित सदस्यों के समक्ष रखते हुए प्रस्ताव को सर्व सम्मति से पारित करने की अपेक्षा की। इस पर सभी सदस्यों ने स्वीकृति प्रदान की। सभा को संबोधित करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि, सबसे पुरानी इस संस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए शासन स्तर पर सहकारिता के क्षेत्र में योजनाएं बनी है। जिससे सहकारी संस्थाओं एवम जनता को इसका सीधा लाभ होगा। केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह के प्रयास सहकारिता से समृद्धि की योजना से सफल होगा। शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि, सहकरिता का क्षेत्र ही भाजपा के सिद्धांत पर आधारित है जो अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा आवश्यक वस्तु जनता तक सुचारु ढंग से पहुंचे इसके लिए वे सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से मिलकर चर्चा करेंगे।



## खबर संक्षेप

### मुक्तिधाम उत्थान मंत्रालय की मांग, सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** मुक्तिधाम उत्थान मंत्रालय की मांग को लेकर श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साई नगर के पदाधिकारियों सहित पूर्व अध्यक्ष डॉ देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष श्री सूर्यवंशी ने बताया कि भारत देश में हैप्पीनेस मंत्रालय जैसा नया मंत्रालय का कॉन्सेप्ट लाया गया वैसे ही वर्तमान वक्त की मांग है कि अब पृथक और स्वतंत्र रूप से भारत देश में मुक्तिधाम उत्थान का गठन किया जाना चाहिए बाकायदा इसके लिए अलग से बढ़िया बजट का प्रावधान भी भारत सरकार के द्वारा किया जाना चाहिए, शहरी इलाकों में नगरीय निकाय के पास मुक्तिधामों का उद्धार का जिम्मा इतनी कम धनराशि में दिया जाता है कि खस्ताहाल हो चुके मुक्तिधामों का उन्नयन अच्छे से हो ही नहीं पता है, जिसके परिणाम स्वरूप मूलभूत आवश्यकताओं की भी प्रतिपूर्ति शासन स्तर से बिल्कुल भी नहीं हो पाती है।

### चोरों ने तीन सूने मकानों को बनाया निशान

**रायपुर।** राजधानी के गुढ़ियारी तथा पंडरी थाना क्षेत्र में धावा बोलते हुए चोरों ने तीन घरों में धावा बोलकर लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवर तथा कैश पर हाथ साफ कर दिया। जिन लोगों के मकान में चोरी की घटना हुई है, उनमें से एक का परिवार धार्मिक यात्रा पर प्रयाग राज गया हुआ है। एक अन्य परिवार मृतक कार्यक्रम में शामिल होने गुढ़ियारी आया हुआ था।

## निधन

### अंजनी दुबे



**बालोद।** स्थानीय निवासी अंजनी दुबे 78 वर्ष का विगत दिनों निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बालोद के गंजपारा स्थित तांदुला मुक्तिधाम में किया गया। वे नगर के प्रतिष्ठित व्यक्ति डॉ राम भगवान की धर्मपत्नी व भूपेंद्र दुबे, धर्मेंद्र दुबे तथा बालोद ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष अटल दुबे की माता थीं।

## अभियान : जिले में शुरू हुआ भाजपा का राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान महापर्व

# भाजपा जिलाध्यक्ष पवन ने सांसद भोजराज को दिलाई पार्टी की प्राथमिक सदस्यता







हरिभूमि न्यूज ▸▸। बालोद

भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान महापर्व 2024 की शुरुआत हुई। भारतीय जनता

■ सांसद के सदस्यता लेने के बाद अनेक लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

पार्टी के जिला अध्यक्ष पवन साहू ने कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग को प्राथमिक सदस्यता दिलवाकर जिले में सदस्यता अभियान की शुरुआत की। कार्यक्रम में सांसद के सदस्यता लेने के बाद जिले के पदाधिकारियों ने सदस्यता ली। साथ ही जिले व शहर के आये



समाज प्रमुखों ने भी सदस्यता ली।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि विचारधाराओं को लेकर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने जनसंघ की स्थापना की थी। उन सभी विचारधाराओं को लेकर चलने वाला उस दल के साथ हम सब का परम सौभाग्य है। यशवंत जैन ने कहा कि हमारी पार्टी विचारधारा से चलने वाली पार्टी है। हमारे जनसंघ के नेताओं की विचारधारा देश से जुड़ी थी। वंदे मातरम राष्ट्रगीत होना चाहिए, जम्मू कश्मीर भारत का हिस्सा होना चाहिए, यह सब मुद्दे भारत के मुद्दे थे। उन मुद्दों को लेकर यह यात्रा शुरू की गई। कुछ लोगों से शुरू हुई यात्रा में चलते हुए आज हमारा कारवां विशाल हो गया है। इस कार्यक्रम में पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर, जगदीश देशमुख, छगन यदू, अजय साहू, डॉ चावड़ा, मदन साहू, हाजी सलीम तिगाला, शाहिद खान, अश्वन बारले, मनोज चंद्राकर, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, यज्ञदत्त शर्मा, महामंत्री चेमन देशमुख, महामंत्री राकेश छोटू यादव, नरेश यदु सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।


### निःस्वार्थ काम करने वालों को मिलेगा फल

सांसद भोजराज नाग ने कहा कि यदि कार्यकर्ता पार्टी में काम कर रहे हैं, निस्वार्थ भाव से काम कर रहे हैं, तो उसका फल उसे अवश्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जितनी भी जन कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, उनका लाभ गरीब परिवार को मिलता है। उसका भी पुण्य हमारे खाते में आ जाता है, क्योंकि हमारे कार्यकर्ता की मेहनत से ही भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है।

### सर्वाधिक मतों से जीत पर बूथों को मिला पुरस्कार

लोकसभा चुनाव में जिन बूथों से भारतीय जनता पार्टी सर्वाधिक मतों से विजयी हुई उन बूथ को 25000 की राशि इनाम के स्वरूप प्रदान की गई। इनमें बूथ क्रमांक 22 पररास बालोद, बूथ 212 कनेरी गुरुर, बूथ 78 ग्रामीण बालोद, बूथ 141 चिखलाकसा डौंडी, बूथ 81 भेंडी डौंडीलोहारा, 212 बूथ दल्ली राजहरा, बूथ 115 सलौनी अर्जुंदा, बूथ 18 कसही खेरथा, 191 देवरी आ गुण्डरदेही शामिल हैं।

## सदस्यता अभियान भाजपा की शक्ति बढ़ाने का सुंदर अवसर है



**जामगांव आर।** भारतीय जनता पार्टी दक्षिण पाटन मंडल स्तरीय सदस्यता अभियान का उदघाटन जैन भवन जामगांव आर में हुआ। मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन थे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने की। विशेष अतिथि प्रभारी दक्षिण मंडल पाटन रोहित साहू, भाजपा मंडल महामंत्री राजेश बंछोर, मंडल सदस्यता अभियान प्रभारी हर्षा चंद्राकर, सदस्य अंगेश्वर साहू, शैलेंद्र मांडवी, कमलेश साहू सदस्य मंचासीन रहे। उद्घाटन समारोह में खासतौर पर भाजपा नेता धनराज साहू, नरेश केला, निर्मल जैन, भगवान चंद्राकर, दानिराम वर्मा, मेघनाथ सागरवांशी, सीताराम साहू उपस्थित रहे। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने दिया। मुख्यअतिथि प्रीतपाल बेलचंदन ने कहा कि संगठन में शक्ति होती है और भाजपा का सदस्यता अभियान प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी भाजपा की शक्ति को बढ़ाने के लिए सुंदर अवसर है। उन्होंने भाजपा मर्यादा में चलने वाली पार्टी बताते हुए आप बीती घटनाओं का स्मरण करते हुए कहा कि घिनौनी मानसिकता वालों को परास्त करने संगठन की शक्ति ही काम आएगी। लेकिन ध्यान रखें, हमें शक्ति का अन्यों की तरह दुरूपयोग नहीं करना है। भाजपा सदैव संगठन की शक्ति का उपयोग जन हित में करती है। विरोधी मानसिकता वालों से बचने और सही लोगों को बचाने के काम में करती है।

■ जामगांव आर में प्रीतपाल ने किया पार्टी के सदस्यता अभियान का शुभारंभ

### पंचायत से लेकर सांसद तक समवेत स्वर बनाएं

मंडल प्रभारी रोहित साहू ने कहा कि सदस्यता अभियान ऐसा चलाएं कि पंचायत से लेकर संसद तक समवेत स्वर में जनहित की आवाज बुलंद हो सके। आम जनता की सेवा बेरोकटोक कर सकें। मंडल सदस्यता अभियान प्रभारी हर्षा चंद्राकर ने कहा कि जो भाजपा की जनहित कार्यशैली से प्रभावित हैं, वे हर आदमी भाजपा का सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं चाहे अभी वे किसी भी पार्टी दल में है। इतना सुनहरा अवसर को नहीं खोना चाहिए, 50 सदस्य बनाने वाले सक्रिय सदस्य होंगे। जो भाजपा के विचार धारा को पसंद करते हैं, उन्हें अविलंब सदस्यता ग्रहण कर लेना चाहिए। संचालन मंडल उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू आभार महामंत्री राजेश बंछोर ने किया।

# शराब का अवैध परिवहन करते दो युवक पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸। बालोद

जिले के ग्राम नारागाँव में अवैध कच्ची शराब परिवहन करने वाले दो लोगों को पुलिस ने धर दबोचा। ये आरोपी जंगल के रास्ते से कच्ची शराब का जखीरा बेचने के लिए अपने गांव ले जा रहे थे।

■ गुरुर पुलिस को मिली सफलता

गुरुर पुलिस ने अवैध कच्ची शराब परिवहन करते हुए दो लोगों को सियादेवी मंदिर पहुँच मार्ग में पकड़ा है, जो जंगल रास्ते से वाहन क्रमांक सी जी 05 यू 2015 में सफेद बोरी के अंदर जेरकिन में 15 लीटर कच्ची शराब का परिवहन कर रहे थे। दोनों आरोपियों की पहचान पुनीत नेताम 29 वर्ष नारागाँव निवासी और दानीराम कोर्राम 30 वर्ष के रूप में की गई है। वहीं, जब्त अवैध कच्ची शराब की कीमत 2250





रूपये और दोपहिया वाहन की कीमत 20000 हजार आँकी गई है। आरोपियों के खिलाफ अवैध शराब परिवहन करते पकड़े जाने पर आबकारी एक्ट के तहत 34 (2) की कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### नहीं थम रहा शराब का अवैध कारोबार

ग्राम नारागांव में अवैध कच्ची शराब और देशी शराब की ब्रिकी जोरों पर है, जिस पर अंकुश लगाने के लिए ग्रामीणों द्वारा अनेक प्रयास किये गए, लेकिन सभी प्रयास विफल साबित हुए। गांव में महुआ शराब बनाने वालों की संख्या बढ़ोत्तरी होने के साथ ही अन्य ग्रामीण अंचलों से महुआ शराब का जखीरा गांव मे लाकर खपाया जा रहा है। इसके कारण शराबियों का जमावड़ा सुबह से देर रात तक लगा रहता है। वहीं, अवैध शराब बिक्री के कारण अपराध और अपराधियों की संख्या में बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है तथा छोटे स्कूली बच्चे भी नशे की चपेट में आते जा रहे हैं। वहीं, ग्रामीण जनप्रतिनिधियों द्वारा अवैध शराब पर अंकुश लगाने के लिए लगातार शासन प्रशासन को अवगत करने के पश्चात अब पुलिस द्वारा कच्ची शराब का परिवहन कर लाने वाले लोगों पर कार्रवाई की जा रही है, लेकिन गांव में अवैध कच्ची शराब बनाने वालों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# उपेक्षापूर्ण व्यवहार की शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं, जनपद पंचायत पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▸▸। डोंडी

ग्राम पंचायत भर्रीटोला 36 के सैकड़ों ग्रामीण बिहान के पीआरपी द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में नाम लिखाने

■ ग्राम पंचायत भर्रीटोला 36 के सैकड़ों ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

गए स्कूली बच्चों से जाति के नाम पर भेदभाव किए जाने के शिकायत के लगभग 18 माह बाद जनपद पंचायत डोंडी द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी लेने पहुंचे। ग्रामीण लगभग 4 घंटे तक जनपद पंचायत में रहे, लेकिन जिम्मेदार मुख्य कार्यपालन अधिकारी के भी पहुंचने पर 10 सितंबर तक पीआरपी पर उचित कार्रवाई नहीं होने पर 11 सितंबर को जनपद पंचायत डोंडी का घेराव व धरना प्रदर्शन करने का ज्ञापन डीके रात्रे अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंडी को दी।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत भर्रीटोला 36 में 7 मार्च को आयोजित ग्राम सभा में ग्राम की महिला शशि बाई एवं नागेश्वरी के संयुक्त रूप से आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर मार्च 2023, को भर्री टोला 36 में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने स्कूली बच्चे हर्षलता एवं पल्लवी ने अपना नाम लिखाने के लिए बिहान की पी आर पी मोनिका पटेल से आग्रह किया लेकिन पी आर पी द्वारा बच्चो से उनके जाति पूछकर मना कर दिया, जो उपेक्षा पूर्ण व्यवहार को प्रदर्शित करता है। इस पर ग्राम सभा में पीआरपी पर उचित कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। उक्ताशय की लिखित शिकायत ज्ञापन ग्राम सभा के प्रस्ताव के साथ मुख्य कार्यपालन जनपद पंचायत डोंडी को दी गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंडी ने जांच दल गठन कर जांच कर जांच प्रतिवेदन देने का आदेश जारी किया था। जांच दल ने जांच प्रतिवेदन जून 2023 में दे दिया। जनपद पंचायत डोंडी से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद को जांच प्रतिवेदन के साथ उचित कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित किया गया था। जिला पंचायत सीईओ द्वारा जनपद पंचायत को कार्यवाही करने पत्र भेजा लेकिन आज 15 माह बाद भी जनपद पंचायत डोंडी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीण जांच के बाद कार्यवाही नहीं करने पर आक्रोशित थे।





### 10 तक अल्टीमेटम, 11 को फिर प्रदर्शन की चेतावनी

ग्रामीणों ने कहा कि 10 सितंबर तक कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में 11 सितंबर को ग्राम के महिला पुरूष एवं युवा जनपद पंचायत डोंडी का घेराव करने खाने-पीने के सामान के साथ आएंगे और तब तक डटे रहेंगे, जब तक कार्रवाई नहीं की जाती। इस दौरान अनिता पौषार्य सरपंच ग्राम पंचायत भर्रीटोला 36 ,शीतल चिन्दा उपसरपंच ,रेवाराम रावटे पूर्व जनपद सदस्य ,संतराम मेरिया,केशवराम भैसारा ,गजानन सिंह ,ईश्वर सिंह ,रमेशकुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। डीडी मंडले मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंडी से इस संबंध में जानकारी लेने संपर्क करने का प्रयास किया गया, किंतु वे मोबाइल रिसीव नहीं कर पाए, जिससे उनका पक्ष नहीं लिया जा सका।

# अंतरजातीय विवाह करने वाला युवक समाज में हुआ शामिल



हरिभूमि न्यूज ▸▸। अंडा

सुपेला निवासी सूरज निर्मलकर ने अंतरजातीय विवाह किया था, जिसको समाज में शामिल करने के लिए कुछ लोग विरोध कर रहे थे।

■ धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष की पहल पर किया गया शामिल

सुपेला के समाज जनों ने दुर्ग जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर से संपर्क किया और पूरे समाज के लोग प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर से राजधानी में संपर्क किया। प्रदेश अध्यक्ष ने ससम्मान उक्त बालिग विवाहित जोड़े को समाज में शामिल करने के लिए निर्देश जारी किया। प्रदेश अध्यक्ष के सुपेला आगमन पर समाज के सम्मान में उक्त नव दंपति जोड़े ने भोज का आयोजन किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने पहुंचकर कन्यादान किया। प्रदेश अध्यक्ष के आगमन की जानकारी मिलने पर समाज के लोगों ने अपने जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर के नेतृत्व में वस्त्र आभूषण भेंट कर शानदार अभिनंदन विवाह स्थल पर ही किया। इस अवसर पर राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष चैतराम निर्मलकर, प्रदेश संगठन मंत्री नकुल निर्मलकर, रायपुर के अध्यक्ष वरुण निर्मलकर, सुपेला के पूर्व अध्यक्ष गौतम रजक, भिलाई नगर के पूर्व अध्यक्ष शंकर रजक, धमतरी जिला संगठन प्रभारी पंचदेवी निर्मलकर, बाला पंच के रूप में आदिवासी समाज के अध्यक्ष सुरेश नेताम, चंद्रेश देवांगन, महिला विंग के प्रदेश अध्यक्ष मैना निर्मलकर इस गरिमा मयी आयोजन की साक्षी बने। समाज के जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर ने बताया कि अब जितने भी अंतरजातीय विवाह होंगे, सबको प्रदेश स्तर से ही राजधानी के नातिन धोबिन दाई परिसर बोरिया खुर्द में ही मान्यता देकर शामिल किया जाएगा, ताकि पूरे प्रदेश के भोले भाले लोगों को गुमराह कर मोटी रकम वसूली करने वाली खाप पंचायत का खात्मा हो, जरूरत पड़ने पर सरकार का भी सहयोग लिया जाएगा।

# टिकरापारा में रामधुनी प्रतियोगिता आज



हरिभूमि न्यूज ▸▸। बालोद

शहर के बुधवारी बाजार स्थित टिकरापारा में 50वां स्वर्ण जयंती महोत्सव एवं संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता आज से शुरू होने वाली है। कार्यक्रम को लेकर पूर्णानंद आर्य ने बताया कि गुरुवार को शाम करीब 7 बजे से लेकर रात 9 बजे तक टिकरापारा, पाण्डेपारा, बुधवारी बाजार, नयापारा सहित आस पास के अन्य क्षेत्र में तीजा पर्व मनाने आई तीजहारिन महिलाओं को एक साथ सामूहिक रूप से करु भात खिलाया गया। उसके बाद पंडवानी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि आज से रामधुनी प्रतियोगिता शुरू होगी। बीते 50 सालों से निरंतर टिकरापारा में रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन तीज पर्व के समय ही किया जाता है।

ऐसा आयोजन आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम की शुरुआत से लेकर समापन तक दर्जन भर से अधिक मंडलियों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान से लेकर पंचम स्थान प्राप्त करने वाले समस्त मंडलियों को शील्ड के साथ नगद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा।

प्रदेश सरकार ने युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने शुरू की योजना

# माओवाद प्रभावित जिलों के निम्न आय वाले परिवारों के बच्चों को मिलेगा ब्याजमुक्त ऋण

हरिभूमि न्यूज ▸▸। बालोद

छत्तीसगढ़ के माओवादी आतंक से प्रभावित जिलों में कमजोर आर्थिक स्थिति वाले परिवारों के बच्चों को तकनीकी एवं व्यावसायिक उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर दिलाने के लिए ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इन जिलों में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को 'मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना' के तहत लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसके लिए विशेष अभियान चलाने कहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य के अन्य जिलों के कलेक्टरों को भी कमजोर आर्थिक स्थिति वाले परिवारों के बच्चों को भी तकनीकी एवं व्यावसायिक उच्च शिक्षा के लिए एक प्रतिशत के ब्याज दर पर दी जा रही ऋण सुविधा का लाभ दिलाने के निर्देश भी दिए हैं।

परिवार की अधिकतम वार्षिक आय 2 लाख

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना के संचालन के लिए तकनीकी शिक्षा विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। इस योजना के अंतर्गत डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के 35 तकनीकी एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को शामिल किया गया है। योजना में ब्याज अनुदान के लिए शिक्षा ऋण की अधिकतम सीमा रूपये 4 लाख निर्धारित है। मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना के तहत तकनीकी शिक्षा एवं अन्य व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रमों में प्रवेशित ऐसे छात्रें को, जिनके परिवारों की वार्षिक आय 02 लाख से कम है, उनको मोरेटोरियम अवधि के पश्चात ऋण किश्तों के नियमित भुगतान की स्थिति में केवल एक प्रतिशत की दर से ब्याज देय होगा। शेष ब्याज की राशि का भुगतान राज्य शासन द्वारा सीधे संबंधित बैंक को किया जाएगा। राज्य के बस्तर, बीजापुर, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, जशपुर, उत्तर बस्तर कांकेर, कोरिया, नारायणपुर, राजनांदगांव, सरगुजा, धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद, बालोद, सुकमा, कोण्डागांव एवं बलरामपुर जिले के छात्रों को ब्याज मुक्त ऋण मिलेगा।

### छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना पहली शर्त

इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए निर्धारित शर्तों में छात्र को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना चाहिए। छत्तीसगढ़ राज्य में स्थापित तथा सक्षम प्राधिकारी (एआईसीटीई, यूजीसी) मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम प्रवेशित हो। अधिकतम पारिवारिक आय रूपये 2 लाख होनी चाहिए, जो कि सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण–पत्र द्वारा प्रमाणित होनी चाहिए। ब्याज अनुदान का लाभ लेने के लिए नियमित रूप से ऋण किश्तों का भुगतान अनिवार्य है। ड्राप ऑउट एवं निष्कासित छात्र इस योजना के लाभाथएँ नहीं बने रहेंगे, किन्तु चिकित्सीय कारणों से एक वर्ष की अधिकतम सीमा तक अध्ययन में रूकावट होने की दशा में पात्रता बनी रहेगी।

### इन पाठ्यक्रमों में मिलेगा लाभ

योजना के अंतर्गत बीई, बीटेक, एमई, एम टेक, डी आर्क, एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग, एमसीए, एम.बी.ए, डीई, बी.पी.एड, एमपीएड, पी.जी.डी.सी.ए., बी.एच.एम.एस., बी.ए.एम.एस, बी.एन.वाई.एस, बी.एन.एस., बी.यू.एम.एस, वी.एफ.एस.सी., बी.टेक डेयरी, बी.एग्री, बी.डी.एस, एमडीएस, एमबीबीएस, बीव्हीएससी, बीएससी नर्सिंग बेसिक तथा पोस्ट बेसिक, बी. फार्मा, एम फार्मा, डी फार्मा, डिप्लोमा इन मॉर्डन आफिस मेनेजमेंट, डिप्लोमा इन इंटीरियर डेकोरेशन एण्ड डिजाइन, डिप्लोमा इस कास्टयूम डिजाईन एण्ड ड्रेस मेकिंग, बीएड, डीएड, एमएड, के पाठ्यक्रमों में अध्ययन के लिए योजना का लाभ लिया जा सकता है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सर्व आदिवासी समाज के ब्लाक अध्यक्ष बने रोहित

**डौंडी।** सर्व आदिवासी समाज ब्लाक डौंडी का गठन सर्व आदिवासी सामाजिक भवन में समाज के पदाधिकारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओ की उपस्थिति में किया गया। अध्यक्ष रोहित माहला को बनाया गया। वहीं, उपाध्यक्ष तिहार सिंह तारम, अमाय नागवंशी, देवेंद्र कोर्राम महासचिव सुनहेर कोसमा सचिव दिवाकर कोरोटी, राजेश रावटे कोषाध्यक्ष राजेश चुरेंद्र संगठन मंत्री उदे राम सिवाना, शिव प्रसाद बारला मीडिया प्रभारी समीर धुर्वा युवा अध्यक्ष तुलेश्वर हिचामी महिला अध्यक्ष अमृता कोड़ापे उपाध्यक्ष साधना सोरी को बनाया गया। इसके साथ ही अन्य पदाधिकारियों को भी नियुक्त किया गया। बैठक में समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों ने सीखा वर्मी कम्पोस्ट बनाना



**बालोद/कलंगपुर।** मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला में 5 सितंबर को बीएससी फर्स्ट ईयर के छात्र–छात्राओं को बेस्ट प्रैक्टिस के तहत वर्मी कंपोस्ट बनाने की विधि के बारे में जानकारी दी गई।

### घीना स्कूल के बच्चों को दी गई साइबर अपराध से बचाव की जानकारी



**बालोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घीना में मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें थाना सुरेगांव से थाना प्रभारी इंदरा वैष्णव ने बच्चों को साइबर अपराध से संबंधित जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने बताया कि मोबाइल का उपयोग कम व दुरुपयोग अधिक होते नजर आ रहा है। इससे क्राइम को बढ़ावा मिल रहा है। हमें आर्थिक क्षति न हो इसके लिए हमें सजग रहना है। उसी प्रकार बालिका सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष डालचंद जैन व समाज सेवी, बिंझवार तारम व लगन तारम उपस्थित थे। साथ पूर्व माध्यमिक विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घीना के स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एलके तारेंद्र ने की।

### मोबाइल और नकदी लूटकर फरार

**भिलाई।** युवक का रास्ता रोक कर लूट करने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। तीन बदमाशों ने मोबाइल, नगदी लूटकर फरार हो गए।खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि संतोष कुमार सोनी खुर्सीपार निवासी प्राइवेट काम करता है। मंदिर हसौद से स्कूटी से खुर्सीपार अपने घर लौट रहा था।

## आयोजन : पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को किया गया नमन

# शिक्षक दिवस पर किया गया गुरुजनों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भाठागांव आर में शिक्षक सम्मान किया गया। इसके साथ ही नवनियुक्त शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। साथ ही पुराने सदस्यों को विदाई दी गई।


कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा बालोद लेखराम साहू, सेवानिवृत्त आरक्षण राजेश्वर कतलम, सेवानिवृत्त निरीक्षक विनोद कतलम, अध्यक्ष केके साहू, पूर्व अध्यक्ष सलीम खान और सरपंच ग्राम पंचायत भाठागांव शशि कला साहू अतिथि मंच पर आसीन रहे। प्राचार्य शेष नारायण वर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया। स्वागत भाषण में वर्मा ने पूर्व सदस्यों के कार्यों की सराहना करते हुए नये सदस्यों से सहयोग और सुझाव का आग्रह किया। पूर्व अध्यक्ष सलीम खान ने अपने पांच वर्ष के कार्यकाल का जिक्र करते हुए आगे भी शाला के सर्वांगीण विकास में सहयोग का भरोसा दिलाया। नवनियुक्त अध्यक्ष केके साहू ने शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए शाला परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने का आश्वासन दिया। नवनियुक्त अध्यक्ष केके साहू, सरपंच शशिकला साहू, शिक्षा विद रोमन सिंह साहू, विधायक प्रतिनिधि आशिष साहू, पत्रकार भानु साहू, योगेश शर्मा, कौशल किशोर साहू, भुनेश्वर कतलम, दुष्यंत कुमार साहू, रमेश मानिकपुरी, मयाराम देवांगन, राजेश कुमार शर्मा, परमानंद साहू, कांति सोनेश्वरी, अरूणा ठाकुर, जयंती देवांगन ओर ख्वाज बेगम ने शपथग्रहण किया और पुर्व सदस्य सलीम खान पूर्व अध्यक्ष, प्रभारी मंत्री मनोनीत सदस्य संजय साहू, सांसद प्रतिनिधि हेमंत चन्द्राकर, शिक्षा विद पीएस बीरे, संतोष नागरिया, रवि तिवारी, कुंती बंजारे सहित सभी सदस्यों को ससम्मान पूर्वक दी गई।



### इनका हुआ सम्मान

इस अवसर पर सरपंच और सदस्यों द्वारा प्राचार्य शेष नारायण वर्मा, प्रधान पाठक वेद प्रकाश यदु, व्याख्याता गजेन्द्र यदु, चंद्रशेखर तिवारी, सुमन तिवारी, पी एल देशमुख, खेमराज साहू, प्रमोद कुमार देशमुख, जीएफ तिग्गा, विनोद नेताम, डीलेश्वर साहू, चंद्रहास साहू, चित्रकांत साहू मनीष सोनी, अरुण ठाकुर, नारायणी जगत, रंजना सिंह, नीलम सिंह, कौशिल्या देवांगन, तरूणा बेलचंदन, पुरुषोत्तम खरे, भूपेंद्र श्रीवास, होमन दास मानिकपुरी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला नायक धीरज देवांगन, छात्र प्रतिनिधि मानवी निषाद, ओंकार, मिथलेश साहू, राकेश, तुलेश्वर, ईश्वर, शेष नारायण, तरूण, पूजा, मानसी सहित सभी सदस्यों ने सहयोग किया।

### शासकीय प्राथमिक शाला बिरेतरा में मना शिक्षक दिवस



**लाटाबोड़।** पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस गुरुवार को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला बिरेतरा के छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों को श्रीफल और पेन देकर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था प्रमुख प्रधानपाठक प्रेषक साहू थे। कार्यक्रम में बच्चों ने गुरु की महिमा का गुणगान किया। शिक्षकों ने भी बच्चों को सदैव अपने माता पिता एवं गुरुओं की बात पर अमल करते हुए सदैव आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। नियमित शाला आने एवं नियमित गृह कार्य करने को कहा। कार्यक्रम में प्रधानपाठक प्रेषक कुमार साहू, टीमन लाल लक्ष्मी कलियारी गोपाल ठाकुर, ममता चौधरी थानेश्वर साहू विजय साहू उपस्थित रहे।



### प्राथमिक शाला बड़गांव में मना शिक्षक दिवस

**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक शाला बड़गांव में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम बच्चों ने सभी शिक्षकों को तिलक वंदन कर उपहार प्रेषित कर आशीर्वाद लिए। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम मे भी बच्चों ने उत्साह के साथ सुंदर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण से सम्मानित शिक्षक कमलकांत साहू ने बच्चों को शिक्षक दिवस का महत्व बताया। उन्होंने समझाया कि 5 सितंबर भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन है, जिसे शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। शिक्षक टिकेंद्र रामटेके ने बताया कि यह दिवस शिक्षकों की लगन और कड़ी मेहनत का भी सम्मान करता है। इस अवसर पर प्रधान पाठिका पुणेश सोनबरसा ने कहा कि बच्चों को सदैव शिक्षकों का सम्मान कर उनके बताये मार्ग पर चलने को कहा। कार्यक्रम के बाद बच्चों के पालकों ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शाला में न्योता भोज कर खीर पूड़ी खिलाया गया।




### सशिमं जामगांव आर में किया गया शिक्षकों का सम्मान



**जामगांव आर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में विद्यार्थियों ने गुरु जनों का सम्मान करते हुए विविध मंचन के साथ शिक्षक दिवस मनाया। गुरु और शिष्यों ने एक साथ शपथ की कि हम गुरु व माता-पिता की बातों का हमेशा सम्मान करेंगे। प्राचार्य पीएल बारले ने कहा कि जो शिष्य गुरु माता पिता की बातो को सुनते और समझते हैं, उनका भविष्य होनहार बनता है। जीवन में सफलताएं कदम चूमती हैं। सरस्वती शिशु मंदिर में संस्कार की वैचारिक गंगा प्रवाहित होती है, जिसका भरपूर लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य पीएल बारले व्यवस्था प्राचार्य धनेश्वरी साहू, व्यवस्था प्रधानाचार्य मिडिल दिव्या चंद्राकर, प्राथमिक सुनीता सेन, कार्यालय प्रमुख हथेश्वर साहू परमेश्वरी सिन्हा, तृप्ति चंद्राकर, प्रीति साहू, रोशनी साहू, तेजेश्वरी साहू, निहारिका धीवर, हीना साहू, चंद्रिका यादव, कुसुमलता, कृतिका साहू, ममता साहू का सम्मान किया गया।

### शिकसा ने किया शिक्षकों का सम्मान



**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के संस्थापक व संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अंजोरा (ख) दुर्ग के प्राचार्य होरीलाल चतुर्वेदी को उनके कर्तव्यनिष्ठ, मिलनसार, उत्कृष्ट शाला संचालन के लिये तथा व्याख्याता मनोज कुमार गुप्ता को दिव्यांग होते हुए बहुमुखी प्रतिभा के धनी व शिकसा को निरंतर सहयोग के लिये सम्मानित किया। संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस ने बताया कि शिक्षक ही समाज को नई दिशा देता है और शिकसा परिवार हमेशा शिक्षकों की प्रतिभा को निखारने का काम कर रहा है। प्राचार्य होरीलाल चतुर्वेदी ने कहा कि शिकसा निरंतर प्रशंसनीय व सराहनीय कार्य करते आ रहे हैं आज मुझे सम्मानित कर गौरवान्वित किया। इसके लिये शिकसा को तहे दिल धन्यवाद देता हूं। व्याख्याता मनोज कुमार गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि शिकसा के माध्यम से शिक्षकों को निरंतर प्रोत्साहित व सम्मानित किया जा रहा है, ये हमारे लिये खुशी का पल है। इस अवसर पर शिकसा के प्रातांध्यक्ष कौशलेन्द्र पटेल, महासचिव डॉ.बोधीराम साहू, कोषाध्यक्ष महेत्तर लाल देवांगन, संगठन मंत्री राधेश्याम कंवर, कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान, मीडिया प्रभारी गोपाल ध्रुव, सहसचिव उषा भट्ट महिला प्रकोष्ठ प्रातांध्यक्ष नीता त्रिपाठी, महासचिव म.प्रकोष्ठ संध्या पाठक ने बधाई व शुभकामनाएं दीं।

### छात्रों ने शिक्षकों का किया सम्मान



**बालोद/कलंगपुर।** 5 सितंबर को डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर शाला में बच्चों पे शिक्षक दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षकों को छात्रों ने श्रीफल और कलम भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान पाठक संदीप जोशी थे उन्होंने बच्चों को निरंतर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। शिक्षक मुकेश साहू ने बच्चों को एक निश्चित लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया। मुख्यमंत्री गौरव अलंकरन से सम्मानित शिक्षक द्रोणकुमार सार्वा ने डॉक्टर राधाकृष्णन की जीवनी बताकर उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने की बात कही। इस कार्यक्रम में शिक्षिका मधु नेताम ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर ग्रामीण रामकुमार साहू ने नेवता भोज का भी आयोजन किया। कार्यक्रम में छात्रसंघ की ओर से हेमपुष्पा, तानिया, मानसी, भेशकुमारी, कामिनी, टिकेश्वरी छात्र छात्राओं ने गुरु की महत्ता पर अपने विचार रखे।

### गुरूर में मनाया गया शिक्षक दिवस

**गुरूर।** मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरुर में शिक्षक दिवस मनाया गया। भारत माता, सरस्वती माता, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में टीसी. देवांगन, प्रभारी प्राचार्य डामिनी साहू, डोमेश सिंहा, प्रियंका साहू, रामस्वरूप सिंहा, उपासना गंजीर, दुर्गेश्वरी पटेल, माधुरी सिन्हा, तेजेश्वर सिन्हा, नरेंद्र कुमार, हुमन लाल गंजीर, राकेश पारकर तथा महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## शासकीय आयुर्वेद औषधालय अण्डा में लगा स्वास्थ्य शिविर






**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के शासकीय आयुर्वेद औषधालय अण्डा में संचालनालय आयुष रायपुर के निर्देशन एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी दुर्ग के मार्गदर्शन में शासकीय आयुर्वेद औषधालय अण्डा द्वारा निशुल्क वृद्धजन स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में ग्राम सरपंच उमादेवी चंद्राकर, उपसरपंच अमित चंद्राकर एवं सेवानिवृत शिक्षक डीपी चंद्राकर द्वारा भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना कर आयुर्वेद की उपयोगिता पर ग्रामीणों को जागरूक किया। इस शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ समलित ठाकुर, डॉ मणिंद्र मोहन श्रीवास्तव, डॉ जितेन्द्र कामडे,नेत्र सहायक अधिकारी अमित देवांगन,लेब टेक्नीशियन गोविन्द साहू ए.एन.एम, मुकेश साहू फार्मासिस्ट, मणिराम सिन्हा, खिलेश देशमुख, महेश बंजारे, औषधालय सेवक प्रकाश राजपूत एवं सचिन शर्मा ने सेवाएं प्रदान की। शिविर में 102 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया, जिसमें 53 महिला व 49 पुरुष थे। 15 लाभार्थियों का नेत्र परीक्षण भी किया गया, जिनमें 4 मोतियाबिंद के रोगी पाए गए।

### तीज पर्व की हुई शुरुआत

## तिजहारिनों ने फागुनदाह में सामूहिक खाया करूभात



**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह में तिजहारिन बहनों को युवा संगठन द्वारा सामूहिक रूप से करूभात खिलाया गया। भोज का आयोजन साहू सदन में किया गया था। इस अवसर पर युवा संगठन द्वारा तिजहारिन बहनों के लिए कई खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरपंच नूतन होमशंकर, पूर्व सरपंच हेमंत साहू, श्याम लाल साहू, देवधर साहू, श्यामलाल निर्मलकर, प्रकाश सूर्यवंशी, केशवदास मानिकपुरी, भाव सिंह, हरिचंद साहू, लोकेश सेन सहित बड़ी संख्याम में ग्रामीण उपस्थित थे।

## शासकीय विद्यालय आड़ेझर में किया गया शिक्षकों का सम्मान



**कुसुमकसा।** शासकीय प्राथमिक शाला व शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आड़ेझर में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह एवं न्योता भोज का आयोजन पालक शिक्षक समिति द्वारा किया गया। कार्यकम में समिति के अध्यक्ष नेतराम लेडिया, गणेशराम तारम,स्वरूप दर्रो का सराहनीय योगदान रहा।

इस अवसर पर शिक्षक दिनेश कुमार गावड़े ने सर्व पल्ली राधाकृष्णन की जीवनी की विस्तार से जानकारी दी। प्राथमिक शाला के प्रभारी प्रधानपाठक शकील हुसैन द्वारा शाला में चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों को साफ सफाई,शौचालय का नियमित उपयोग,कचरा प्रबंधन ,जल संरक्षण, पीने के पानी का सुरक्षित प्रबंधन की उपयोगिता का महत्व बताया।

इस अवसर पर ग्राम पटेल अंजोरीराम तारम,दयाराम कोमरे, सर्व आदिवासी समाज डोंडी ब्लॉक अध्यक्ष रोहित माहला ,शशिकला, सतीश कुमार, लीना बाई, सुरेखा बाई सहित ग्रामवासी स्कूली बच्चे, शिक्षक गण उपस्थित थे।

### मीडिया कर्मी से मारपीट

**भिलाई।** मीडिया कर्मी के साथ मारपीट करने के मामले में में पुलिस से शिकायत की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक सेलुद से जामगांव आर मार्ग में स्थित बजरंग चौक के पास फोटो स्टूडियो संचालक व मीडिया कर्मी किशन हिरवानी का आफिस है। अचानक दो हमलावर आफिस में प्रवेश कर क्रिकेट बल्ला लेकर पहुचे थे। अचानक लगातार किशन हिरवानी के सिर में हमला कर दिया। किशन को चोट लगने पर उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुचाया गया। घटना की खबर लगते ही मौके पर पहुची उतई पुलिस सीसी कैमरे को खंगालने में जुटी हुई है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

### गुरूवार को डेढ़ से दो सौ रुपए किलो में बिका करेला

# तीज पर्व शुरू, तिजहारिनों ने खाया करूभात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- आज दिनभर रहेंगी उपवास, कल सुबह बासी खाकर तोड़ेंगी व्रत

तीज त्यौहार नजदीक आते ही हरी सब्जियों व फलों के दाम आसमान छूने लगे हैं। तीज त्यौहार के पहले दिन करुभात की रस्म होती है। गुरुवार को जिले में तीजहारिन करुभात की रस्म पूरी की। करुभात के दिन करेले की सब्जी खाने का रिवाज होता है। ऐसे में बाजार में करेला बुधवारी बाजार में 150 रुपए से लेकर 200 रुपए किलो में बिका। जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में सामुहिक करुभात का आयोजन किया गया। इस सामूहिक करुभात आयोजन में गांव में जितने भी तीजहारिन अपने मायके आई हुई हैं, उन्हें ग्राम समिति द्वारा एक साथ बैठा कर सामूहिक रूप से करुभात खिलाया गया।



### तीजहारिन आज रखेंगी पति के लिए निर्जला व्रत

आपको बता दें कि तीज पर्व की दूसरी रस्म निर्जला व्रत है। तीजहारिनें पहले दिन करुभात खाती हैं। उसके बाद दूसरे दिन निर्जला उपवास रखती हैं। यानि आज दिनभर निर्जला उपवास रखेंगी। इस दौरान पानी पीना भी मना रहता है। यह उपवास पति की दीर्घायु और सुरक्षा के लिए रखा जाता है। वहीं, तीसरे दिन यानी कल शनिवार सुबह बासी खाकर व्रत समाप्त करेंगी। तीजहारिन महिलाएं शनिवार को सुबह भगवान शिव की पूजा अर्चना कर एक दूसरे को प्रसाद वितरण करने के बाद अपना व्रत तोड़ेंगी।

